पास कुछ भी नहीं है खोने को श्याम

पास कुछ भी नहीं है खोने को श्याम,
मैं हूँ मेरा है बस हौंसला है बचा,
तेरे चरणों में आई हूँ थक हार के,
मुझको तेरा ही बाबा सहारा बचा,
पास कुछ भी नहीं है....

मेरे वाणी में बाबा वो दम ही कहाँ,
जिससे तेरी कृपा को करूँ मैं बयां,
दर पे आना ही मेरी किस्मत है श्याम,
तेरा दर ही ठिकाना मेरा हो गया,
पास कुछ भी नहीं है....

मेरी इच्छा से तेरी परीक्षा बढ़ी,
मुझमे हिम्मत नहीं की रहूं मैं कड़ी,
हार भी मेरी तुम हो जीत भी तुम,
हार को है सहारा तेरा बचा,
पास कुछ भी नहीं है.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27400/title/paas-kuch-bhi-nahi-hai-khone-ko-shyam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |